## खबर संक्षेप

### जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 25 जून को

**सतना।** अनुसूचित जाति,जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संशोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में 25 जून 2024 को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गई है। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण ने बताया कि बैठक में अधिनियम 1989 के अंतर्गत नियम 1995 संशोधित 2016 के तहत विभिन्न उपबंधों के तहत विभिन्न श्रेणी के प्रकरण स्वीकृत और भुगतान राशि,विभिन्न श्रेणी के पीड़ितो को स्वीकृत एवं भुगतान राशि,अधिनियम के उपबंधो के क्रियान्वयन के लिये जिम्मेदार अधिकारियों एवं अभिकरणों की भूमिका के संबंध में,विशेष न्यायालय में अधिनियम के अंतर्गत विचाराधीन एवं निराकृत मामलों एवं पुलिस में दर्ज प्रकरण और अनुसंधान में लंबित मामलों के संबंध में चर्चा की जायेगी।

### उपकेंद्र सितपुरा से निकलने वाले 11 केव्ही फीडरों का 24 जून को होगा मेंटीनेंस

**सतना।** कार्यपालन अभियंता (विद्युत) ने बताया कि 24 जून को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक उपकेंद्र सतना में 33 केव्ही मेनबेस में डैमेज जंफर बदलने मेंटीनेंस कार्य किया जायेगा। इस दौरान 33 केव्ही उपकेंद्र सितपुरा से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडरों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

### 11 पुलिस कर्मचारियों का तबादला

**सतना।** पुलिस महानिरीक्षक रीवाजोन डॉ.महेन्द्र सिंह सिकरवार ने जोनल पुलिस स्थापना बोर्ड के अनुमोदन पश्चात 11 कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए स्वयं के व्यय पर उनको स्थानांतरित करने का आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक लागू रहेगा। पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार सतना में पदस्थ आरक्षक संतोष राय मैहर स्थानांतरित किये गये। मैहर में पदस्थ रविकांत कुमार सतना में पदस्थ,मोहित वैष्णव मैहर,प्रशांत पटेल मैहर से सतना,महिला आरक्षक सावित्री सिंगरौली से मऊगंज,पुष्पेन्द्र वर्मा प्रधान आरक्षक सिंगरौली से मैहर, प्रधान आरक्षक श्यामलाल चौधरी सीधी से मैहर,महिला आरक्षक भावना तिवारी मैहर से मऊगंज,प्रधान आरक्षक अतुल तिवारी सिंगरौली से मऊगंज,आरक्षक आदर्श तिवारी सिंगरौली से मैहर,आरक्षक भावेश द्विवेदी सीधी से मऊगंज के लिये स्वयं के व्यय पर अस्थायी रूप से स्थानांतरित किये गये हैं।

### एसडीएम ने छात्रों का किया स्वागत



**मैहर।** स्कूल चलें हम और विद्यालय प्रवेश उत्सव अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर में एसडीएम विकाश सिंह ने उपस्थित छात्रों का स्वागत किया एवं उत्साहवर्धन हेतु छात्रों के साथ उपस्थित शिक्षको को शिष्टाचार का पाठ पढ़ाया।

# तेज गरज और चमक के बीच गिरी आकाशीय बिजली से 5 लोगों की गई जान

सतना। शनिवार को जिले में गरज और चमक के साथ बरसे बादलों के बीच गिरी आकाशीय बिजली ने 5 लोगों की जान ले ली। वहीं पांच लोग घायल हुए। घयालों को मझगवां अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक कुशमा सिंह पति सेखन सिंह निवासी बिछियन जो की अपनी बेटी के ससुराल गौहानी आई थी गौहानी मंदिर के समीप स्थित देवी मंदिर के पास आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर मौत हो गई। दूसरी घटना तुर्रा गांव के समीप स्थित सेहा नाला मोड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से चंपा पति दादू भाई सिंह निवासी हिरौंधी उम्र 60 की मौत हो गयी। प्रमोद सिंह पिता शंकर सिंह निवासी हिरौंदी उम्र 42 की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। इसी प्रकार कृष्ण नगर इलाके में एक मजदूर अंबुज कोल निवासी धवारी तथा इसी इलाके में घर की पुताई कर रहे एक मजदूर की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई।

### राहत की बारिश

तापमान का कहर झेल चुके सतना के लोगों पर अब मौसम की मेहरबानी का दौर शुरू हो गया है। सूरज की तपिश से बेहाल रहे लोगों को बादलों ने राहत देनी शुरू कर दी है। शनिवार को तड़के हुई बूंदाबांदी के बाद दोपहर के वक्त भी बादल सतना में झूम कर बरसे। बादलों की गडग़ड़ाहट और ठंडी हवा के झोंको के साथ शुरू हुई बारिश ने मौसम को ठंडा कर दिया। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी शनिवार को जमकर बारिश हुई। हालांकि प्री मानसूनी बारिश के कारण सतना शहर में लोगों की मुश्किल भी बढ़ गई हैं। सीवर लाइन के गड्ढों और उन्हें भरने के लिए डाली गई मिट्टी ने जहां सड़कों पर फिसलन बढ़ा दी। वहीं शुरुआती दौर की बारिश ने व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है।









# जेडी ने सरकारी अस्पताल की व्यवस्था देखी सफाई पर सीएस को कहा ठेकेदार को तलब करें

### बच्चा वार्ड में व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**सतना।** संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें रीवा डॉ.केएल नामदेव ने शनिवार को सतना में सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। जेडी डॉ.नामदेव ने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं को सुधारने संबंधित विभाग प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिये। संयुक्त संचालक ने अस्पताल के वार्डों तथा परिसर का भ्रमण करते समय कुछ जगह गंदगी व कचरे के ढेर लगे देखकर नाराजगी जताई। डॉ.नामदेव ने सिविल सर्जन मनोज शुक्ला से कहा कि सफाई व्यवस्था संभाल रहे ठेकेदार को नोटिस जारी करके कांट्रेक्ट की शर्तों को पूरा न करने पर अनुबंध समाप्त करने की चेतावनी दी जाये। निरीक्षण के क्रम में डॉ.केएल नामदेव ने गत दिवस ओपीडी में डॉक्टरों के साथ हुये विवाद व अभद्रता के संबंध में संबंधित डॉक्टर व मेडिकल कॉलेज के अन्य डॉक्टरों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न होने की व्यवस्था करने हेतु प्रबंधन को आवश्यक सुझाव दिये। डॉ.नामदेव ने चाइल्ड वार्ड का मुआयना करते हुए वार्ड की व्यवस्थाओं को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के निर्देश दिये। डॉ.नामदेव ने जिला अस्पताल की किचिन का निरीक्षण करते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को गुणवत्ता पूर्ण भोजन एवं आवश्यकतानुसार पौष्टिक आहार का वितरण सुनिश्चित किया जाये। संयुक्त संचालक ने अस्पताल के किचिन से वितरित किये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर संतोष जताया। डॉ.केएल नामदेव ने जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की व्यवस्थाओं एवं रक्त की उपलब्धता,उसका रखरखाव,जरूरतमंदों को रक्त प्रदान करने की प्रक्रिया आदि की जानकारी हासिल की। उन्होंने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों की आवश्यकता के अनुरूप ब्लड बैंक द्वारा तत्काल की जाने वाली रक्त आपूर्ति पर संतोष जताया।

### प्रसूति वार्ड में देखी व्यवस्था

संयुक्त संचालक ने मेटरनिटी (प्रसूति) वार्ड की



व्यवस्थाओं,साफ-सफाई का अवलोकन किया। डॉ. नामदेव ने वार्ड में भर्ती प्रसूताओं के साथ आये परिजनों से संवाद करते हुए डॉक्टर एवं नर्सों के बर्ताव,दवा वितरण आदि के बारे में भी जानकारी ली। यहां उल्लेखनीय है कि प्रसूता वार्ड में भर्ती महिलाओं के परिजनों द्वारा असर डॉक्टर या ड्यूटी नर्सिंग स्टाफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया जाता है। जेडी द्वारा इन आरोपों की जमीनी हकीकत जानने के लिये प्रसूताओं की देखरेख के लिये साथ आये लोगों से चर्चा की।

### मेजर ऑपरेशन थिएटर का भी किया निरीक्षण

संयुक्त संचालक केएल नामदेव ने मेजर आपरेशन थियेटर का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाओं को देखने के साथ शल्य चिकित्सकों से चर्चा करके आपरेशन थियेटर में वांछित आवश्यक उपकरणों के बारे में जानकारी हासिल की।जेडी के निरीक्षण के समय सिविल सर्जन डॉ.मनोज शुक्ला,आरएमओ डॉ.शरद दुबे, ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ.अमर सिंह,ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.देवेन्द्र पटेल,गायनाकोलाजिस्ट डॉ.मंजू सिंह,ब्लड बैंक टेक्नीशियन रामभाई त्रिपाठी,स्टूवर्ड गंगाशरण तिवारी,मेट्रन एवं अन्य उपस्थित रहे।

# शराब माफिया के ठिकाने पर छापा, भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मैहर।** पुलिस ने शराब माफिया की कमर तोड़ दी है। भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। यह जानकारी शनिवार को पुलिस ने जारी विज्ञप्ति में दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि हरनामपुर में एक घर में अवैध शराब भंडारण कर बेचने हेतु रखी है। जिसकी सूचना वरिष्ट अधिकारियों को दी गई। जिस पर थानास्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित कर मौके पर पहुंचे तो आशीष चौरसिया के पान बरेज के बने घर के पास एक व्यक्ति मिला जिससे पूछा गया तो अपना नाम अफसर खान बताया उसको लेकर बन्द कमरा खोलवाया गया तो कमरे अंदर 74 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव 180 एमएल के कुल 666 लीटर कीमती 444000 रुपये भरी कब्जे में रखी पाई गई उक्त शराब के रखने के संबंध में कागजात मांगे गए कोई कागजात होना नहीं बताया उक्त अवैध शराब के भंडारण के संबंध में पूछताछ की गई तो आशीष चौरसिया और गोलू सेंगर के साथ शराब बेचने का काम मिलकर करने का बताया उक्त तीनों आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम तहत दंडनीय पाए जाने से जप्त माल सील बंद किया गया आरोपी अफसर खान को मौके से गिरफ्तार किया जाकर कोतवाली मैहर में अपराध क्र.529/24 धारा 34(2)आबकारी एक्ट कायम किया गया विवेचना दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में फरार आरोपी आशीष चौरसिया व गोलू सेंगर की तलाश हेतु अलग-अलग संभावित स्थानों पर टीम रवाना की गई जिस पर आरोपी गोलू सेंगर को रामपुर बघेलान जिला सतना से गिरफ्तार किया गया व आरोपी द्वारा जप्त शुदा माल को देना स्वीकार किया एवं फरार आरोपी आशीष चौरसिया की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि फरार आरोपी आशीष चौरसिया पिता दुलीचंद चौरसिया उम्र 30 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती मैहर की तलाश की जा रही है। इस कार्यवाही में इंचार्ज थाना प्रभारी उनि महेन्द्र गौतम,सउनि रोहिणी तिवारी,प्रआर.विपीन सोधियां,अनिल सिंह,आर.संजय तिवारी,रावेन्द्र मिश्रा, रविकान्त यादव,जय बागरी,नरेन्द्र कुमार,राजेन्द्र सिंह,अनूप तिवारी,सायबर सेल मैहर की भूमिका रही।







# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया

**सतना।** विश्व योग दिवस के अवसर पर पर प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड स्टाफ क्लब में योग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिवानंद दर्शन योगाश्रम सतना से पधारे स्वामी हरिश्रद्धानंद सरस्वती के सानिध्य में कालोनी में निवासरत महिलाओं,कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने इस योग शिविरि में बड़ी संख्या में भाग लेकर योग का अभ्यास किया। विश्व योग दिवस की इस साल की थीम स्वयं एवं समाज के लिये योग है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये स्वामी हरिश्रद्धानंद सरस्वती ने कहा कि योग संतुलन,सजगता और शांति के अपने मूल्यों से व्यक्ति और प्रकृति दोनो को एक करता है।आज के समय में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिए योग सबसे जरुरी उपाय हो चला है। योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जो शारीरिक,मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद करता है। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने उपरोक्त जानकारी देते हुये बताया कि इसके अलावा प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के सहयोग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हौरी में भी योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। यह योग प्रशिक्षण शिवानंद दर्शन योगाश्रम के योग प्रशिक्षक संतोष वर्मा निर्देशन में किया गया जिसमें विद्यालय परिवार के शिक्षक,शिक्षिकायें एवं ग्रामीणों की सहभागिता रही। सभी योग प्रशिक्षार्थियों को शिवानंद दर्शन योगाश्रम द्वारा निःशुल्क योग साहित्य भी उपलब्ध कराया गया। विश्व योग दिवस के अवसर पर मनीष कुमार सिंह,प्लांट हेड एंड प्रेसीडेंट एवं मनीष कुमार सिन्हा,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने सभी को शुभकामनायें प्रेषित करते हुये अपने संदेश में कहा कि सभी को शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिये योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिये।



### एमपीपीएससी परीक्षा आज, 9 सेंटर में दो पालियों में 4400 प्रतिभागी देंगे इम्तिहान

**सतना।** मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग एमपीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए सतना में 9 सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर सवा 2 बजे से सायं सवा 4 बजे तक होगी,जिसमें 4400 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रशासन ने परीक्षा की निगरानी के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं की हैं। अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है और परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती का भी इंतजाम किया गया है। शहर में बनाए गए 9 सेंटरों में उत्कृष्ट विद्यालय व्यंकट क्रमांक 1,शासकीय स्वशासी महाविद्यालय निराला भवन रीवा रोड,सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल कृष्ण नगर,विट्स कालेज करही रोड,इंदिरा कन्या महा विद्यालय स्टेशन रोड,संत कंवर सिंधु हायर सेकेंडरी स्कूल सिंधी कैंप,बोनांजा कॉन्वेंट स्कूल बदखर,सेंट माइकल स्कूल अमौधा व महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल स्टेशन रोड शामिल हैं। रविवार 23 जून को होने वाली परीक्षा के पहले सत्र में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को सुबह 9:30 से प्रवेश की अनुमति होगी। परीक्षार्थियों के परीक्षा हॉल में एंट्री के बाद 9:45 बजे से 10 बजे तक का टाइम ओएमआर शीट बांटने और भरने के लिए मिलेगा। परीक्षा 10 बजे शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक चलेगी। जबकि दूसरी पाली के परीक्षार्थियों को दूसरे सत्र में दोपहर 1:45बजे एंट्री मिलेगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे से 2:15 तक का वक्त ओएमआर के वितरण और भरने के लिए रहेगा। परीक्षा दोपहर 2:15 से शुरू होकर 4:15 बजे तक चलेगी।परीक्षा में परीक्षार्थी अपने धूप का चश्मा,जूते-मोजे, हाथ के बैंड या कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं ले जा सकेंगे। किसी भी तरह से नकल को रोकने के लिए परीक्षा हॉल में जूते-मोजे पहनने पर भी पाबंदी रहेगी। परीक्षार्थी चप्पल और सैंडल पहनकर जा सकते हैं। कोई भी परीक्षार्थी चेहरा ढंक कर भी नहीं आ सकेंगे।



# 23 से 25 जून तक संचालित होगा पल्स पोलियो अभियान

**सतना।** पल्स पोलियो अभियान जिले में 23 जून से प्रारंभ हो रहा है और यह अभियान 25 जून तक चलेगा। पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में 0 से 5 वर्ष की आयु के करीब 3 लाख 56 हजार 908 बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम 23 जून को सांसद गणेश सिंह के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया जाएगा।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एल के तिवारी ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान 3 दिवस तक समस्त ग्राम एवं शहरी क्षेत्रों,मंजरे टोले, ट्रांजिट साइट पर चलाया जाएगा। 23 जून को पोलियो रविवार के रूप में निर्धारित बूथ स्तर पर तथा 24 जून एवं 25 जून को पोलियो खुराक से छूटे हुए 0 से 5 साल तक के बच्चों को घर-घर पहुंचकर कर्मचारियों द्वारा खुराक पिलाई जाएगी। उन्होने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान के क्रियान्वयन के लिये 2622 पोलियो बूथ बनाए गए है। इसके अलावा 74 ट्रांजिट बूथ एवं 46 मोबाइल बूथ अभियान के दौरान सक्रिय रहेंगे। वैक्सीनेशन कार्य के लिये 282 पर्यवेक्षक एवं 5658 कार्यकर्ता तैनात किये गये हैं। पल्स पोलियो अभियान के दौरान ईंट,भट्टे एवं निर्माण स्थल झुग्गी,झोपडिया,घुमक्कड आबादी वाले स्थल पर विशेष ध्यान देकर शत-प्रतिशत पूर्ति का प्रयास किया जाएगा। इसके लिये सी-टाइप की टीमें गठित की गई हैं। इसके अलावा बाहर से आये हुये बच्चो पर कड़ी नजर रखने के लिये बस स्टैंड,रेल्वे स्टेशन एवं अन्य आवागमन स्थलों पर अतिरिक्त टीम तैनात की गई है। जिले में पल्स पोलियो अभियान की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

### बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सभी आमजन से जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर देश का भविष्य सुरक्षित करने की अपील की है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी यह सुनिश्चित करें की इस अभियान में कोई भी बच्चा पोलियो रोधी खुराक पीने से वंचित न रहे।

# किसानों के साथ नाप-तौल में धोखाधड़ी करने वालों को बख्शेंगे नहीं

### नाप-तौल में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध 9111322204 पर व्हाट्स-अप करें शिकायत

**सतना।** राज्य सरकार किसानों के साथ नाप-तौल में धोखाधड़ी करने वाले व्यापारियों को चिन्हांकित कर कड़ी कार्रवाई कर रही है।गड़बड़ी करने वाले 57 व्यापारियों को चिन्हांकित कर उनके विरुद्ध प्रकरण पंजी बद्ध किये गये हैं।नियंत्रक नाप-तौल डॉ.कैलाश बुंदेला ने बताया है कि आगामी खरीफ फसल को दृष्टिगत रखते हुए विशेष जाँच अभियान चलाकर जिलों में खाद-बीज विक्रेताओं की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। किसानों को सही मात्रा एवं दाम में खाद एवं बीज बेचने में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किये जा रहे हैं,जिससे कि किसानों को सही कीमत पर उचित मात्रा में कृषि आदान प्राप्त हों।अभियान में विशेष तौर से जाँचा-परखा जा रहा है कि व्यापारी द्वारा उपयोग में लाए जा रहे नाप-तौल उपकरण नियमानुसार सत्यापित एवं सही है कि नही,खाद एवं बीज के पैकेजों पर नियमानुसार आवश्यक घोषणाए अंकित है कि नहीं। पैकेजों पर अंकित मात्रा के अनुसार खाद एवं बीज है,या नहीं। व्यापारी खाद्य बीज के पैकेजों पर अंकित एमआरपी से अधिक कीमत पर विक्रय तो नहीं कर रहा है।

### किसान भाई व्यापारियों की गड़बड़ी पर बेखौफ होकर व्हाट्स-अप करें

डॉ.बुंदेला ने किसानों से आग्रह किया है कि वे कृषि दुकानों पर खरीदी पर संदेह की स्थिति में बेखौफ होकर जानकारी उपलब्ध करायें,जिससे कि व्यापारियों द्वारा किसानों के साथ होने वाली धोखाधड़ी को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि खाद्य एवं बीज विक्रेता के यहां नाप-तौल,अधिक कीमत लेने संबंधी किसी प्रकार भी अनियमितता पर शिकायत विभाग के व्हाटस-एप नम्बर 9111322204 पर जानकारी दें।

# आजादी के बाद विद्युत व्यवस्था आज भी नहीं, पवई तहसील अंतर्गत ग्राम टिकरिया में समस्या निवारण शिविर हुआ सम्पन्न, क्या बदलेंगे हालात




**पन्ना।** जिले में पवई विधानसभा अंतर्गत ग्राम टिकरिया जो आदिवासी बाहुल्य समाज के लोगों की बसावट को लेकर जाना जाता है। आजादी के बाद आज भी अंधेरे में बिना विद्युत व्यवस्था के लोगों की जिंदगी इस गांव में इस भीषण गर्मी के दौरान अपने कर्तव्य पथ पर जानी जा रही। बदलेगें दिन विधायक पवई प्रहलाद लोधी व जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर सुरेश कुमार विकास की दिशा को तय करने वाले जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघप्रिय की उपस्थिति से अब टिकरिया में जहां अंतिम छोर के व्यक्तियों को योजनाओं के माध्यम से लाभांवित करने का सार्थक प्रयास साबित होगा। वहीं अंधेरे से उजाले की ओर विद्युत व्यवस्यथा के प्रयास भी होंगे कारगर दिशा साबित होगी। निश्चित ही विकास में जहां सबका साथ सबका विकास वहीं अंतिम छोर के व्यक्तियों को विकास की मुख्य धारा में लाने को लेकर जो सरकार का प्रयास है वह आज सार्थक नजर आने की दिशा तय हुई। जनप्रतिनिधि की भूमिका विधायक पवई प्रहलाद लोधी जो अपनी बेबाकी की कार्यप्रणाली को लेकर जाने जाते है। जिन्होंने अपनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले आदिवासी बाहुल्य का टिकरिया में समस्या निवारण शिविर लगवाकर जहां आदिवासी बाहुल्य गांव में लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कारगर दिशा तय की। वहीं आज भी आजादी के बाद जिस गांव में बिना विद्युत व्यवस्था के अंधेरे में जीवन का गुजारा लोगों का इस भीषण गर्मी में भी चल रहा। उस हालात को बदलाव के लिए जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर सुरेश कुमार वहीं विकास को लेकर मुख्य भूमिका जिनकी होती है मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत यानि की विधायक कलेक्टर सीईओ सभी की उपस्थिति में समस्या निवारण शिविर सम्पन्न हुआ। यहां अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ योजनाओं के क्रियान्वयन के माध्यम से मिल सके यह सार्थक प्रयास जमीनी स्तर पर किया गया। जिससे अब टिकरिया ग्राम के आदिवासी समाज के बाहुल्य लोगों की जिंदगी में विकास की दिशा गांव से ही तय होती है। निश्चितौर पर जहां विधायक की उपस्थिति में जिला प्रशासन के मुखिया वह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की मौजूदगी में गांव के हालात तथा लोगों की समस्याओ के निदान को लेकर जहां गांव में ही समस्याओं का निराकरण करने के लिए यह सार्थक प्रयास माना जा रहा है। यही तो अंतिम छोर के व्यक्तियों को प्रमुखता से शासन की योजनाओं का लाभ जहां नहीं पहुंचा या जो वंचित हो रहे है। उन्हें दिलाने के लिए यह कार्यक्रम समस्या निवारण शिविर अपने आप में बदलाव की दिशा तय करने के लिए जाना जायेगा।

## खबर संक्षेप

### पूर्व जनपद सदस्य पंडित छोटेलाल पाठक का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त



**पवई।** जनपद पंचायत पवई की ग्राम सिमरिया गुलाव सिंह के प्रतिष्ठित पाठक परिवार के मुखिया पंडित छोटेलाल पाठक पूर्व जनपद सदस्य का शनिवार 11:30 बजे निधन हो गया वह 65 वर्ष के थे ,और कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे उनके निधन से पवई क्षेत्र सहित जिले में शोक की लहर व्याप्त है उनका अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम सिमरिया गुलाब सिंह मे विधिविधान से किया जाएगा।

### नेत्र शिविर का किया आयोजन



**पथरिया।** देवजी नेत्रालय जबलपुर के डां.पवन स्थापक द्वारा नगर के देव संकट मोचन हनुमान मंदिर पथरिया में हर महीनें के तीसरे रविवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इस बार 10 मरीजों के मोतियाबिंद के आपरेशन हुए। उक्त शिविर की जानकारी स्थानीय स्तर पर राजू भार्गव, बृजेश तिवारी, पी.एस राजपूत से संपर्क कर सकतें हैं।

# अमचुई के ग्रामीणों ने राशन न मिलने से जताई नाराजगी, किया चकाजाम

जिला प्रशासन मुखिया के खिलाफ लगाये नारे



**पन्ना।** भ्राष्टाचार चरम पर है। जिले में प्राशसनिक मोनिटरिंग ब्यवस्था भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। राशन माफिया तंत्र बैठा है जो गरीबों के निवाले में डाका डाल रहें हैं। ताज़ा मामला पन्ना जिले के ग्राम अमचुई से सामने आया है। जहां अमचुई से चलकर करीब 8 किलोमीटर की दूरी तय कर ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में रानीपुरा राशन दुकान पहुंचे जहां हमेंशा ताला जड़ा रहता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है।की उन्हें तीन माह का राशन नहीं मिला है। जिसके चलते वह काफी परेशान हैं ग्रामीणों द्वारा कई वार जिम्मेदारों से शिकायत भी की लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने बताया राशन ब्लेक कर गरीबों का हक छीना जा रहा है।

# राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकारी गिरफ्तार



**पन्ना।** वन परिक्षेत्र कल्दा की वीट अमरई में मोर का शिकार कर फरार चल रहे अज्ञात आरोपियों को वन विभाग द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया साथ ही एक अन्य व्यक्ति को भी शिकार के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि वीट अमरई में दिनांक 15/06/2024 को सुबह वनकर्मी बंदूक की आवाज सुनाई देने पर मौके पर पहुंचे तो अपराधी आहट पाकर तुरंत भाग खड़े हुए थे वनकर्मियों द्वारा मौके पर मोर का शव बरामद किया गया था परन्तु अपराधियों की उस समय पहचान नहीं हो पाई थी। इसके बाद वन विभाग द्वारा उपवनमंडलाधिकारी कल्दा नितिन कुमार निगम एवं वन परिक्षेत्राधिकारी कल्दा परिवेश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में अपने मुखबिर तंत्र एवं सघन छानबीन कर घटना स्थल के आसपास भी कड़ी नजर रखी तो दिनांक 20/06/2024 को एक व्यक्ति को उसी जगह पर फंदों के साथ दबोचा गया जिसका नाम भइयन , हाल निवासी बर्रे थाना उचेहरा जिला सतना है। इस व्यक्ति पर शिकार के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया गया। उक्त व्यक्ति से 15 जून को हुए मोर के शिकार के संबंध में पूछताछ करने पर मिली सूचना के आधार पर उसी दिन बर्रे गांव के ही दो अन्य व्यक्तियों जुगराज सिंह उर्फ़ चुट्टू व धर्मेन्द्र उर्फ दम्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर इनके द्वारा उस दिन मोर का शिकार बंदूक से करना स्वीकार किया, उनके द्वारा घटनास्थल पर शिकार के स्थान, मोर को छीलने के स्थान एवं वनकर्मियों की आहट पाकर मृत मोर छोड़कर भागने के स्थान के स्थान की पुष्टि करवाकर दोनों ने अपनी अपनी बंदूकों को भी जप्त करवाया। उक्त तीनों आरोपियों को 21/06/2024 को माननीय न्यायालय पन्ना के समक्ष पेश किया गया। कार्यवाही के दौरान उपवनमंडलाधिकारी नितिन कुमार निगम एवं वन परिक्षेत्राधिकारी कल्दा परिवेश सिंह भदौरिया के साथ वन परिक्षेत्र कल्दा से पुष्पेंद्र सिंह कार्यवाहक वनपाल, गजेंद्र सिंह परिहार कार्यवाहक वनपाल बालकृष्ण शुक्ला वनरक्षक ,सूर्य प्रताप बघेल वनरक्षक अरविंद गुप्ता वनरक्षक, राजेश धुर्वे वनरक्षक संतोष शर्मा वनरक्षक वीरेन्द्र पटेल वनरक्षक वन परिक्षेत्र सलेहा से उमाशंकर पाल वनरक्षक के.के. कोंदर वनरक्षक सूर्य प्रताप पटेल वनरक्षक एवं वन परिक्षेत्र शाहनगर से राम प्रसाद पटेल वनपाल सत्यप्रभा सिंह वनरक्षक, दुर्गा सिंह वनरक्षक ने उपस्थित रहकर सराहनीय भूमिका निभाई। जिसमें पुष्पेन्द्र सिंह व बालकृष्ण शुक्ला की भूमिका विशेष सराहनीय रही, साथ ही स्थायीकर्मी एवं सुरक्षा श्रमिकों का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।

# पवित्र नगरी व मंदिरों की नगरी पन्ना में भगवान जगन्नाथ स्वामी जी लू लगने से पड़े बीमार





**पन्ना।** हर वर्ष की तरह भगवान जगन्नाथ स्वामी के बीमार होने की खबर को लेकर नगर के लोग मंदिर में भारी संख्या में पहुंचकर भगवान को नहलाने के उत्सव में होते है शामिल मंदिरों की नगरी तथा धार्मिक एवं पवित्र नगरी पन्ना जो यहां के स्टेट समय से राजाओं की सोच के चलते भव्य मंदिरों को आज भी बयां करती यह नगरी अपने आप में बेमिशाल है। जहां भगवान जगन्नाथ स्वामी का मंदिर भी यहां मौजूद है। जहां जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर यहां भी भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा निकलती है। जिसका अलग ही उत्सव देखने को मिलता है। पर आज का दिन यहां भगवान जगन्नाथ स्वामी को लू लगने से 15 दिनों के लिए बीमारी के हालात को लेकर जाना जाता है। जहां आज मंदिर में घटों में छिद्र करके भगवान को शाही स्नान के रूप में स्नान कराया जाता है। इस दौरान नगर के श्रद्धालु इस हालात को भगवान के दर्शन व स्नान कराने को लेकर प्रतिवर्ष की तरह भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचे जहां साही स्नान की परम्परा में हुए शामिल। साथ ही अब भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर के पट भी 15 दिनों के लिए बंद कर दिये जाते है। चूंकि भगवान को लू लगने से यह समय बीमारी को लेकर माना जाता है। जो प्रतिवर्ष की तरह यह परम्परा आज सम्पन्न हुई।

## छोटे छोटे बच्चों ने किए योग आसन

**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमाक 11 की आगनवाड़ी केंद्र दो के बच्चो ने योग दिवस के अवसर पर रेस्ट हाउस परिसर में थीम स्वयं और सामाज के लिए योग के आसन किए। सबसे पहले योग की शुरूआत सूर्य नमस्कार के साथ हुई, इसके बाद अनुलोम, विलोम, प्रणायाम साथ विभिन्न प्रकार के आषन कराए गए। इस अवसर में आगनवाड़ी कार्यकर्ता जानकी रैकवार ने बच्चो को सिखाया कि योग हमारे जीवन में महत्व पूर्व है। योग आषन करने से हमारे जीवन का विकास होता है। साथ ही बुद्धी तीव्र होती है। इसके अलावा योग करने से हमेषा हमारा शरीर स्वस्थ्य रहता है। इस अवसर पर आगवन साहायिका रीना लोधी, बच्चे ईषिका कटारे, शान्बिका कटारे अमूल्या उपाध्याय, माही यादव, राधिका लोधी, खुशी लोधी, अलीशाखान, अलशिफा खान, रागिनी यादव, रितु रैकवार, हर्षिता गौड़, यषवंत नामदेव सहित अनेक बच्चे मोजूद रहे।

# योग हमारी कार्य क्षमता बढ़ाता है - बहन जी



**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्रह्माकुमारी विद्यालय में कार्यक्रम रखा गया। बहन जी ने सभी को योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग हमारे जीवन का सर्वांगीण विकास करता है। आज हम सिर्फ एक दिन ही नहीं परंतु योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। तन के साथ-साथ मन को ठीक करने के लिए हमें योग करना अति आवश्यक है क्योंकि मन ठीक होगा तो तन भी ठीक होगा। तन की बहुत सारी बीमारियां मन से जुड़ी हुई होती हैं इसलिए मन को भी ठीक करना होगा। आगे आपने कहा योग कला हमारी प्राचीन संस्कृति की देन है। हमारे पूर्वज योग किया करते थे इसलिए स्वस्थ रहते थे योग हमारे मन की सुषुप्त शक्तियों को जागृत करता है। दुनिया को हमारी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता से अवगत कराने के लिए भारत में और विदेशों में भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है लेकिन राजयोग (ध्यान) हमारे शरीर और मन को तो स्वस्थ रखता ही है साथ में हमें परमात्मा से भी जोड़ता है। राजयोग के अभ्यास से आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जैसे जीने के लिए हवा जरूरी है, वैसे राजयोग हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है, योग जीवन जीने की एक कला है। आज के आधुनिक जीवन में लोग काफी तनाव डिप्रेशन में रहते हैं तनाव को दूर करने के लिए योग एकमात्र इलाज है। दिनभर में कम-से-कम 30 मिनट भी योग किया जाए तो शरीर और मन ही नहीं बल्कि आत्मा को भी सभी विकृतियों से मुक्त कर सकते हैं। राजयोग अर्थात आत्मा का परमात्मा से कनेक्शन। राजयोग से हमारा हर संकल्प शांति, सुख, प्रेम से भरपूर होता है तब हमारा जीवन सहज सरल सदा खुशनुमा बन जाता है और इसका असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है, रिश्ते भी सुंदर बन जाते हैं और इस तरह हम सब मिलकर एक सुंदर दुनिया बनाते हैं। तो आज से हम सभी अपनी सोच में राजयोग( मेडिटेशन) को शामिल करें, जब हम सुबह-सुबह उठे तो अपने फोन को नहीं, अखबार को नहीं सबसे पहले परमात्मा को याद करें। अपने दिन की शुरूआत भगवान की याद से करें, जिससे हमारे दिनभर के संकल्प सही और श्रेष्ठ होंगे।

# पवई में लू लगने से भगवान हुए बीमार, पंद्रह दिन बंद रहेंगे मंदिर के पट, संपन्न हुई स्नान यात्रा



**पवई।** नगर स्थित जगदीश स्वामी मंदिर के भगवान जगन्नाथ स्वामी जी जो आज से 15 दिनों के लिये लू लगने से बीमार हो गए है। जिससे अब 15 दिनों के लिए भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर के पट बंद कर दिए गए है।परम्परा अनुसार शनिवार को मंदिर के पुजारी अंशुल अनूप पाठक पंडित रमेश शास्त्री द्वारा बेदिक मंत्रोच्चार के साथ औषधीय जल से भगवान को स्नान कराया गया, इसी दौरान लू लगने से भगवान बीमार पड़ गए। जिससे उनकी दिनचर्या और भोजन व्यवस्था भी बदल दी गई है। ठीक होने तक उन्हें प्रतिदिन वैद्य द्वारा दवा देने की परंपरा भी निभाई जाएगी। इस दौरान मंदिर के कपाट भक्तों के लिए बंद रहेंगे। 7 जुलाई को भगवान की नगर में विशाल रथ यात्रा निकाली जाएगी।



# थाना कोतवाली में आरक्षकों के साथ मारपीट के आरोपियों का मामला पंजीबद्ध पहुंचाया गया जेल

## फरियादी जब कायमी कराने आया तो आरोपी थाना कोतवाली ही पहुंच गये पुलिस के सामने ही धमकाने लगे आरक्षकों ने विरोध किया तो आरक्षकों के साथ ही मारपीट कारित करने की घटना सोशल मीडिया में सुर्खियों में




**पन्ना।** कानून व्यवस्था किस तरह से हालात को लेकर सामने है अब पन्ना कोतवाली में जहां स्वयं ही पुलिस को नशेडियों का सामना किस तरह से करना पड़ा। थाना कोतवाली के अंदर नशे के हालात में पहले तो फरियादी की गाली गलौच वहीं आरक्षकों ने रोका तो उन्हें भी हालात मारपीट से गुजरने पड़े। नशा किस तरह से हाबी है वहीं पुलिस प्रशासन का भय अब गायब है तभी तो थाना कोतवाली के अंदर आरोपियों के हौसले कितने बुलंद है जहां फरियादी के साथ-साथ पुलिस पर भी मारपीट के हालात मामला दर्ज अंततः आरोपी पहुंचे जेल पर सुर्खियों में मामला हालात को लेकर। जिले में थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम सुनहरा का मामला जहां इस तरह के हालात को लेकर मामला सुर्खियां बटोर रहा है। थाना कोतवाली के अंदर आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट कारित कर दी। उन्हें धमकी भी दी बर्दी उतरवा देगें। अब यह दास्ता कहीं न कहीं पुलिस के हालात को लेकर अपने आप में सुर्खियां बटोर रही है। क्योंकि जब पुलिस को भी नहीं समझा जा रहा तो हालात क्या होगें इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। नशे के हालात अपराधियों के हौसले किस तरह से बुलंद है यह दास्ता स्वयं ही बयां कर रही है। थाना कोतवाली पन्ना अंतर्गत ग्राम सुनहरा की दास्ता है। पन्ना जिले में कुछ आपराधिक तत्वों के हौसले बुलंद होने से आपराधिक वारदातों में इजाफा हो रहा है अब तो बात यहां तक पहुंच गई कि थाना कोतवाली पन्ना में घुसकर कुछ आपराधिक तत्वों के द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ भी मारपीट की गई मामला पन्ना कोतवाली का है जहां रात्रि में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ गाली गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरक्षक विनय वर्मा ने थाना प्रभारी के नाम लिखित शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वह रात्रि में पन्ना कोतवाली में निगरानी पहरा ड्यूटी पर था करीबन 01.30 बजे राजदीप वर्मा अपनी मां श्रीमति सुमित्रा वर्मा व भाई राजकमल वर्मा पहुंचा और अपने चाचा सुरेश प्रसाद वर्मा और जीतेन्द्र वर्मा द्वारा शराब पीकर मारपीट करने और शराब पीने मुर्गा खाने हेतु पैसे मांगने नहीं देने पर अश्लील गालियां देने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में शिकायत की, जिनके पीछे सुरेश प्रसाद वर्मा और जीतेन्द्र वर्मा दोनों शराब के नशे में आकर उक्त फरियादीगणों को अश्लील गालियां देने और रिपोर्ट करने पर मारने की धमकी देने लगे जिन्हे मेरे और थाना में उपस्थित प्रधान आरक्षक संदीप तिवारी द्वारा समझाईस दिया तो दोनों अभद्रतापूर्वक अश्लील गालियां देने लगे और हम दोनों से लिपटकर हांथ घूसों से गाल पीठ में दोनों मारने लगे जिन्हे मौके पर उपस्थित आरक्षण संदीप पटेल, नीलेश प्रजापति, प्रधान आरक्षक लेखक अरुण अहिरवार द्वारा बीच बचाव कर उनके मुह से शराब की गंध आने से मेडिकल फार्म भरकर एमएलसी हेतु रवाना करने लगे तो दोनों बोले कि तुम्हारी वर्दी उतरवा देंगे हमारा पिता भी पुलिस में रहा है तुम लोग अपने आपको क्या समझते हो बाहर मिले तो एक-एक को जान से खत्म कर देंगे, मारपीट में विनय वर्मा के दाहिने गाल में और पीठ में दर्द चोट बताई गई है। और संदीप तिवारी को भी बाएं गाल में पीठ में चोट दर्द है। एवं पुलिस कर्मियों के शासकीय कर्तव्य में बाधा डालने के मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। विनय वर्मा की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294,353,332,186,506,34 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। वहीं सूत्रों की माने तो आरोपियों को जेल पहुंचाने की खबर चर्चा में है।

## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल की पार्किंग से फिर चोरी हुई बाइक



**छतरपुर।** जिला अस्पताल परिसर से बाइक चोरी होने की घटनाएं बदस्तूर जारी हैं। बीते रोज एक बार फिर यहां से बाइक चोरी की घटना सामने आई है। पीड़ित युवक ने अस्पताल के सीसीटीवी वीडियो निकलवाने के बाद कोतवाली थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। टई रोड की यादव कॉलानी निवासी आकाश पाल ने बताया कि वह जिला अस्पताल के टीबी विभाग का कर्मचारी है। शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे वह अपनी वृद्ध दादी को भर्ती कराने के लिए जिला अस्पताल आया था, जहां पार्किंग में उसने अपन हीरो कंपनी की आई-स्पलैण्डर बाइक क्रमांक एमपी 16 एमएच 6319 खड़ी की थी। कुछ समय बाद जब वह बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। आकाश ने तत्काल परिसर के सीसीटीवी वीडियो की जांच कराई जिसमें एक अज्ञात युवक उसकी बाइक को ले जाते हुए दिख रहा है। इसी वीडियो के आधार पर आकाश ने कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल से बाइक चोरी होने की दर्जनों घटनाएं अब तक सामने आ चुकी हैं लेकिन किसी भी चोरी का आज तक खुलासा नहीं हुआ है।

### जुझारपुरा गांव में खेत से चोरी हुई मोटर पंप

**बकस्वाहा।** नगर में इन दिनों चोरी की घटनाएं बढ़ती जा है जिस कारण किसान खासे परेशान हैं। ताजा मामला बकस्वाहा थाना क्षेत्र के जुझारपुरा का है जहां खेत पर लगा कुआं से सोलर पैनल मोटर एवं साटा तथा केबिल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। किसान सोने सींग लोधी ने बताया कि 18 जून की रात्रि में अज्ञात लोगों के द्वारा मेरी कृषि भूमि पर बने कुआं से सोलर पेनल मोटर एवं .फीट का साटा तथा 150 फीट केबिल चोरी कर ली गईं है जिसकी जानकारी उन्होंने बकस्वाहा थाना प्रभारी कृपाल मार्को को दी। उन्होंने मामला दर्ज कर जांच की बात कही है।

### टैक्सी चालक ने दबंगों की बात नहीं मानी तो बरपाया कहर



**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र के ग्राम बांदनी निवासी अहिरवार परिवार ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर कुछ दबंगों द्वारा मारपीट किए जाने, थाने में झूठी एफआईआर दर्ज कराने और पुलिस द्वारा बिना जांच किए परिवार के साथ मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। बांदनी निवासी किलकोटी अहिरवार ने बताया कि 20 जून की शाम करीब साढ़े 7 बजे वह अपने पुत्र दीपेन्द्र के साथ अपनी टैक्सी से गांव जा रहा था तभी रास्ते में बसारी तिराहे पर ग्राम सांदनी निवासी अखंड प्रताप सिंह बुंदेला, आशीष सिंह बुंदेला तथा आकाश सिंह बुंदेला ने उन्हें रोका और अपनी दो सवारियों को बिना पैसे के गांव तक छोडऩे के लिए कहा। जब दीपेन्द्र ने कुछ पैसे देने के लिए कहा तो उक्त लोग नाराज होकर मारपीट करने लगे तथा टैक्सी में लोड सामान गिरा दिया। जब किलकोटी और दीपेन्द्र अपना सामान उठाकर टैक्सी में रखे रहे थे तभी धोखे से एक आरोपी का मोबाइल सामान के साथ टैक्सी में रख गया, जिसका फायदा उठाकर आरोपियों ने सटई थाना में उनके विरुद्ध लूट की एफआईआर दर्ज करा दी। किलकोटी का आरोप है कि इसी झूठी एफआईआर के आधार पर उसी रात करीब ढाई बजे सटई थाना के अलावा मातगुवां और पिपट थाना की पुलिस उनके घर आई और मामले की जांच किए बगैर ही पूरे परिवार को बेरहमी से पीटा गया। उसका यह भी आरोप है कि सटई पुलिस ने एक दलाल के माध्यम से मामला निपटाने के एवज में 30 हजार रुपए की मांग भी उनसे की है। एसपी को आवेदन देकर अहिरवार परिवार ने मामले की जांच करवाकर न्याय दिलाने की मांग की है।

बुंदेलखंड गौशाला में अवैध उत्खनन के दौरान हुए हादसे में मौत का मामला,

# शव सड़क पर रखकर परिजनों ने किया चक्काजाम

### गौशाला समिति अध्यक्ष पर मामला दर्ज करने की मांग

बुंदेलखंड गौशाला में शुक्रवार को अवैध उत्खनन हो रही तलैया में डूबने से ट्रैक्टर चालक की मौत होने के मामले में परिजनों ने शनिवार की सुबह से गौशाला के सामने शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन करते हुए न्याय की मांग की।





**नौगांव।**

परिजनों ने गौशाला समिति अध्यक्ष पर लापरवाही से उत्खनन कराने के दौरान ही उनके भाई, बेटे की मौत होने का आरोप लगाते हुए समिति अध्यक्ष संजू पाठक को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए चक्काजाम करते रहे। मामला बढ़ता देख एडिशनल एसपी विक्रम सिंह के साथ तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी और थाना प्रभारी सतीश सिंह ने मौके पर पहुंचकर परिजन को न्याय का भरोसा दिलाया तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ, पुलिस द्वारा समिति अध्यक्ष को पूंछतांछ के लिए बुलाने की बात भी सामने आई है।

छतरपुर रोड पर स्थित बुंदेलखंड गौशाला के सामने सड़क पर अर्जुन रिछारिया के शव को रखकर परिजनों ने चक्का जाम लगा दिया। शनिवार की सुबह मृतक अर्जुन रिछारिया के भाई भीम रिछारिया, मृतक की मां, बहन, चचेरी भाई सहित नयागांव के दर्जनों ग्रामीणों के साथ परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार करते हुए गौशाला समिति अध्यक्ष संजू पाठक को गिरफ्तार करने, उसके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए न्याय के लिए शव बीच सड़क पर रखते हुए जाम लगा दिया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई तो मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने परिजनों को समझाया और जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। लेकिन परिजन संजू पाठक को पहले गिरफ्तार करने के बाद ही जाम खत्म करने की मांग पर अड़े रहे। मामला और समय बढ़ता देख प्रशासन की ओर से तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी ने भी मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को समझाइस दी लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद थाना प्रभारी ने जाम को देखते हुए पुलिस बल को मार्ग डायवर्ट कर वाहन हाइवे से निकालने के लिए निर्देशित किया तो वहीं। दोपहर के बारह बजे के लगभग एडिशनल एसपी विक्रम सिंह भी जाम स्थल पर पहुंच गए। इसके बाद एडिशनल एसपी विक्रम सिंह, तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी, पुलिस थाना प्रभारी सतीश सिंह ने पीड़ित परिवार और ग्रामीणों को समझाया कि अभी मर्ग कायम हो गया है, पीएम रिपोर्ट आयेगी, इसके पहले पुलिस मामले की जांच कर रही है, घटना में जो भी दोषी होगा किसी को नहीं छोड़ा जाएगा। लेकिन इससे पहले शव का अंतिम संस्कार करो फिर आओ बयान दर्ज कराओ तो आगे की कार्रवाई करें। पुलिस एवं प्रशासन की समझाइस के बाद अन्य लोगों ने भी पीड़ित परिजनों को समझा और पुलिस की कार्य प्रणाली से अवगत कराया, तब कहीं जाकर दोपहर में 1 बजे के लगभग परिजन जाम हटाने के लिए तैयार हुए। इसके बाद तुरंत ही पुलिस ने ग्रामीणों को मदद से शव को सड़क से हटवाकर नयागांव पहुंचाया जहां पर ग्रामीणों और पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### गौशाला समिति अध्यक्ष को पूछताछ के किए पुलिस ने बुलाया

जाम खुलने के बाद पुलिस ने मामले में पूंछतांछ के लिए गौशाला समिति के अध्यक्ष संजू पाठक को पुलिस थाना बुलाया ही। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने संजू पाठक से पूंछतांछ के बाद बयान भी दर्ज किए हैं। देर शाम तक संजू पाठक के पुलिस थाना में ही बैठे रहने की जानकारी सामने आई थी।

### इनका कहना है

मामले की जांच चल रही है, पीड़ित परिजनों के भी बयान दर्ज किए जा रहे हैं, जांच के दौरान जो भी तथ्य एवं साक्ष्य सामने आएंगे। उस आधार पर जो भी दोषी होगा कार्रवाई होगी। किसी को नहीं छोड़ेंगे। घटना में जो भी दोषी होगा आरोपी बनेगा।

**विक्रम सिंह,**
**एडिशनल एसपी, छतरपुर**

# छात्रावास के खाने में निकले कीड़े

## कलेक्टर कार्यालय में धरने पर बैठे नाराज विद्यार्थी





**छतरपुर।**

शहर के सागर रोड पर गणेश कॉलोनी में स्थित सीनियर बालक छात्रावास के बच्चों का गुस्सा उस वक्त सातवें आसमान पर पहुंच गया जब छात्रावास प्रबंधन द्वारा उन्हें परोसे गए भोजन में कीड़े निकले। नाराज विद्यार्थी सीधे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर धरने पर बैठ गए और छात्रावास अधीक्षक पर कार्रवाई की मांग करने लगे। करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद एसडीएम ने न सिर्फ बच्चों को समझाइश दी बल्कि उनके साथ छात्रावास जाकर व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

शनिवार को कलेक्टर कार्यालय में धरना दे रहे छात्रावास के छात्र पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार ने बताया कि छात्रावास प्रबंधन द्वारा उन्हें किसी तरह की सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। छात्रावास में गंदगी का अंबार है, स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है और अब यहां मिलने वाला भोजन भी दूषित निकल रहा है। पुष्पेन्द्र ने बताया कि शनिवार को भोजन में परोसी गई सब्जी में कीड़े निकले, जिसके फोटो-वीडियो उनके पास हैं। छात्रों ने आरोप लगाया कि छात्रावास अधीक्षक और आदिम जाति कल्याण विभाग की संयोजक प्रियंका राय मिलकर बच्चों की सुविधा के मिलने वाली सामग्री और राशि को ठिकाने लगाने का काम कर रही हैं। छात्रों के धरने की खबर मिलते ही तहसीलदार आनंद शर्मा और एसडीएम अखिल राठौर मौके पर पहुंचे। बच्चों की समस्यायें सुनने के बाद अधिकारियों न सिर्फ उनकी समस्याओं का निराकरण करने का भरोसा दिया बल्कि उनके साथ छात्रावास जाकर व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

# खेत में घुसी गाय को बाहर निकाला तो कर दिया हमला

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, घायल जिला अस्पताल में भर्ती



**छतरपुर।**

जुझार नगर थाना क्षेत्र के ग्राम करहरी में एक किसान के खेत में गांव के व्यक्ति की गाय घुसी गई थी, जब किसान ने गाय को खेत से बाहर निकाला तो संबंधित व्यक्ति और उसके साथियों ने किसान तथा उसके दो पुत्रों के ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जुझार नगर थाना में मामला दर्ज किए जाने के बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

करहरी निवासी 65 वर्षीय कामता प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर में गांव के वंश गोपाल की गाय उसके खेत में घुस गई थी। जब उसने गाय को खेत से बाहर निकाला तो वंशगोपाल के पुत्र सुशील कुमार, आशाराम, मुन्ना, हल्के, परशुराम और कंधी ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। कामता को बचाने गए उसके पुत्र रामगोपाल उम्र 20 वर्ष और भाई श्रीलाल उम्र 50 वर्ष के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट की। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए। तीनों घायलों ने जुझानगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई, जहां से उन्हें इलाज के लिए लवकुश नगर अस्पताल भेजा गया था। हालत गंभीर होने के कारण तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में हुआ कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन



**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय की ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा एक्सिस बैंक कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। एक्सिस बैंक कैंपस प्लेसमेंट में कुल 357 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता की। इस वॉक इन केंपस प्लेसमेंट में श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के साथ-साथ अन्य विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों की चयन प्रक्रिया में सर्वप्रथम विद्यार्थियों का साक्षात्कार हुआ। साक्षात्कार संभागीय अधिकारी एनआईआईटी के विक्रांत सिंह एवम् संभागीय मानव संसाधन अधिकारी विजय सिंह द्वारा लिया गया। साक्षात्कार में कुल 187 विद्यार्थियों का चयन सेकंड राउंड के लिए हुआ, विद्यार्थियों का चयन वॉक इन केंपस ड्राइव एक्सिस बैंक यंग बैंकर प्रोग्राम के तहत हुआ। संभागीय अधिकारी एनआईआईटी के श्री सिंह ने एक्सिस बैंक यंग बैंकर्स प्रोग्राम क्या है को विस्तृत रूप से समझाया, उन्होंने बताया कि एक्सिस बैंक का युवा बैंकर्स कार्यक्रम युवा स्नातकों को बैंकिंग में सफल कैरियर शुरू करने के लिए तैयार करने की एक अनूठी पहल है। यंग बैंकर्स प्रोग्राम को एक्सिस बैंक ने मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेज के साथ मिलकर बनाया है। एक्सिस बैंक का यंग बैंकर्स प्रोग्राम एक वर्ष का कोर्स है, जिसमें कोर्स के दौरान स्टाइफंड भी दिया जाता है। युवा बैंकर्स कार्यक्रम में व्यावहारिक इनपुट के साथ कार्योन्मुखी पाठ्यक्रम संरचना है जो सीखने की यात्रा को समृद्ध बनाती है, यंग बैंकर्स कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने का एक परिणाम एक्सिस बैंक में नौकरी का अवसर है। युवा बैंकर्स कार्यक्रम हमें परिसर से कॉर्पोरेट तक निर्बाध संक्रमण के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से परिपूर्ण करता है।

वॉक इन कंपस प्लेसमेंट के सफल आयोजन पर कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम, चेयरमैन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम, कुलपति डॉ. अनिल कुमार धगट, उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी, कुलसचिव विजय सिंह एवं विश्वविद्यालय परिवार ने शुभकामनाऐं दीं। कैम्पस प्लेसमेंट का सफल संचालन ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट समन्वयक प्रतीक्षा तिवारी एवं धीरेन्द्र भारती ने किया।

# समर कैंप के समापन पर बच्चों ने दिखाया हुनर

### पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ शिविर का समापन



**छतरपुर।**

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर छतरपुर के पुलिस लाइन परिसर में पुलिस परिवार के बच्चों हेतु आयोजित किए गए ग्रीष्मकालीन शिविर का बीती शाम पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में समापन हुआ। समापन समारोह में शिविर के प्रतिभागी बच्चों द्वारा पिछले एक माह में मिले प्रशिक्षण से सीखी गई गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और कोच को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में उपस्थित रहे पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने बच्चों द्वारा किए गए प्रदर्शन को सराहा एवं उन्हें आगे बढऩे के लिए प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि समर कैंप में सम्मिलित दो सैकड़ा प्रतिभागियों को एक माह तक खेलकूद में राजकीय खेल मलखंब, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तैराकी शूटिंग एवं लॉन टेनिस, शिक्षा, संगीत, सांस्कृतिक नृत्य, के साथ-साथ अन्य क्रियाकलापों जैसे मेहंदी, सिलाई, कढ़ाई वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट, जूडो कराटे का भी प्रशिक्षण भी दिया गया है। रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा द्वारा प्रतिभागियों के आवागमन हेतु उनके आवासीय परिसर से प्रशिक्षण स्थल तक वाहनों की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई गई। शिविर में प्रतिभागियों के लिए पौष्टिक आहार जैसे अंकुरित चने, सोयाबीन, मूंग एवं विभिन्न प्रकार के आवश्यक पौष्टिक आहार की व्यवस्था के साथ-साथ प्राथमिक उपचार किट, चिकित्सा संसाधन एवं ग्रीष्म मौसम को दृष्टिगत रखते हुए ग्लूकोज, नींबू पानी पुदीना की भी व्यवस्था रही। समर कैंप में अत्यधिक मात्रा में वृक्षारोपण कर उनके महत्व, उपयोगिता व संरक्षण विषय पर चर्चा हुई।

# कमरे में सोते रहे लोग, चोरों ने पार की लाखों की संपत्ति

### रिटायर्ड पुलिसकर्मी के घर को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना



**हरपालपुर।** अलीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम चुरवारी निवासी एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी के घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रुपए की संपत्ति चोरी किए जाने की वारदात सामने आई है। बताया गया है कि चोर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात सहित कुछ नगदी लेकर रफू-चक्कर हुए हैं। गृहस्वामी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरु की है।

चुरवारी निवासी रिटायर्ड एएसआई मोहन सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात को गर्मी अधिक होने के कारण वह घर की छत पर सोने के लिए गया था और उसकी पत्नी सहित अन्य लोग नीचे के कमरों में सोए हुए थे। रात करीब 2 बजे जब बिजली गुल हुई तब अज्ञात चोर अंधेरे का फायदा उठाकर घर में दाखिल हुए और इसके बाद दबे पांव कमरे में पहुंचे। कमरे में रखी अलमारी खोलकर चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चुराई और इसके बाद रफू-चक्कर हो गए। चोर इतने शातिर थे कि उनके आने-जाने की आहट घर के किसी सदस्य को नहीं मिली। कुछ समय बाद जब घर के लोग जागे तब चोरी का पता चला। तत्काल अलीपुरा पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर पुलिस ने मौका मुआयना किया और चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरु की। रिटायर्ड एएसआई मोहन सिंह के मुताबिक उनके घर से सोने की 4 अंगूठी, 2 जंजीर, 1 जोड़ी झुमकी, चांदी की 4 चूड़ी, 4 जोड़ी पायल सहित साढ़े 3 लाख की नगदी चोरी हुई है।

### इनका कहना है

चोरी की सूचना मिलने पर, घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। डॉग स्क्वॉड टीम से साक्ष्य एकत्रित कराए गए हैं, जल्द ही चोरों को पकड़ा जाएगा।

**डीडी शाक्य, थाना प्रभारी, अलीपुरा**



# मरिया माता स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं संगीत दिवस का किया गया आयोजन

**छतरपुर।** शहर के चौबे कॉलोनी में स्थित मरिया माता स्कूल में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं संगीत दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें योग शिक्षकों के सानिध्य में विधालय के सभी विधार्थियों एवं शिक्षकों ने योग किया एवं प्रतिदिन योगा करने के महत्व को भी साझा किया। साथ ही साथ संगीत दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न वादन यंत्रों के साथ विधार्थियों के द्वारा गीत-संगीत की मधुर प्रदर्शनी भी की गई।

खबर संक्षेप

### पत्थर खदान के लिए जन सुनवाई आज

**रीवा।** मऊगंज जिले के हनुमना तहसील के ग्राम बीरादेई में 1.091 हेक्टेयर जमीन में पत्थर उत्खनन के लिए आवेदन दिया गया है। इसमें कुल 12 खसरा नम्बर शामिल हैं। खदान की मंजूरी के पूर्व इसकी पर्यावरणीय जन सनुवाई के लिए 23 जुलाई 2024 की तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्टर मऊगंज के प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर अशोक ओहरी ग्राम पंचायत भवन परिसर बीरादेई में 23 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से सुनवाई करेंगे। सुनवाई में क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रीवा तथा खदान के लिए आवेदन करने वाली मेसर्स शिवकृपा एसोसिएट के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### मऊगंज जिले में एक केन्द्र में होगी आज लोक सेवा आयोग की परीक्षा

**रीवा।** मऊगंज जिले में एक परीक्षा केन्द्र में 23 जून को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गयी है। जिले के शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में चेहरा ढककर तथा मोजे-जूते पहनकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। परीक्षार्थी अपने साथ पेंसिल, रबर, व्हाइटनर, घड़ी, हाथ में पहनने वाले बैंड, बेल्ट, धूप में पहनने वाले चश्मा तथा बालों को बांधने वाले क्लचर का भी उपयोग नहीं कर सकेंगे। लोक सेवा आयोग द्वारा प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हों। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल, फोन, पेजर, डिजिटल डायरी, कैलकुलेटर, घड़ी, कम्पास, ग्राफ पेपर, स्केल तथा किसी भी प्रकार का पेपर नहीं ले जा सकेंगे। परीक्षा केन्द्र के बाहर मोबाइल फोन जमा करने की व्यवस्था की गई है।

### अमझोर पंचायत में मनाया गया योग दिवस

**शहडोल।** जिले की जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत अमझोर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत में योग के प्रति जागरूक भी किया गया है। उक्त अवसर पर पंचायत के सरपंच कमलेश सिंह, उप सरपंच सुधीर पांडे, रोजगार सहायक शीतलेश गुप्ता, रमेश तिवारी, चंद्रमा साहू, अमित तिवारी, अमन गौतम, अमन पाठक, राजेंद्र पाठक, जवाहर सिंह, चंद्रिका प्रसाद तिवारी, मुस्कान गुप्ता उपस्थित रहे।

### बंद स्ट्रीट लाइट से बढ़ रही परेशानी, कार्यवाही की मांग

**कोतमा।** वर्तमान में नगर पालिका में पूरी तरह से अफसशाही शासन लागू है। अधिकारी कर्मचारी की लापरवाही का खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। चाहे वह सफाई व्यवस्था हो विद्युत व्यवस्था हो या सड़क के मरम्मत कार्य का हो पूरी तरह से अधिकारी राज नगर पालिका में हावी है। नगर के वार्ड क्रमांक 4 निगवानी रोड में केरहा नाला से लेकर अस्पताल जाने वाले मार्ग की तीन से चार स्ट्रीट लाइट करीब 4-5 दिन से बंद पड़ी हुई है। जबकि 24 घंटे इस सड़क मे लोगों का आना-जाना बना रहता है। अस्पताल होने के कारण लोग इलाज के लिए रात्रि में भी अस्पताल आते जाते हैं, लेकिन केरहा नाला के पास से घोर अंधेरा बना रहता है। बारिश का मौसम भी शुरू हो गया है ऐसे में अंधेरे में आने-जाने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सांप बिच्छू काटने का डर भी लोगों को बना रहता है।

### चारधाम यात्रा कर वापस लौटे शिव सराफ

**जैतहरी।** भाजपा नेता और वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष एवं स्वर्णकार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव सराफ उत्तराखंड के चार धाम यात्रा जो 27 मई को शुरू की थी श्री केदारनाथ धाम श्री बद्रीनाथ धाम श्री गंगोत्री धाम श्री यमुनोत्री धाम के साथ ही श्री तुंगनाथ मंदिर श्री बुढ़ा केदार, भारत का प्रथम गांव माणा, धारी देवी, की संपूर्ण 4313 किलोमीटर की यात्रा बुलेट बाइक से पूर्ण कर 17 जून को जैतहरी वापस आ गए जहां उनका परिवार एवं नगरवासियों ने स्वागत किया।




# लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा आज, परीक्षा के लिए बनाये गये 12 केन्द्र

## संभागीय प्रेक्षक ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं के संबंध में ली बैठक

रीवा। रीवा जिले में लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 12 केन्द्र बनाये गये हैं। यह परीक्षा आज 23 जून को आयोजित की जायेगी। प्रारंभिक परीक्षा के लिए नियुक्त संभागीय प्रेक्षक सेवानिवृत्त आईएस अधिकारी केएस गौतम ने रीवा जिले के 12 परीक्षा केन्द्रों तथा मऊगंज जिले के एक परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों की बैठक लेकर परीक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा प्रारंभिक परीक्षा के संबंध में लोक सेवा आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में चेहरा ढककर तथा मोजे-जूते पहनकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। परीक्षार्थी अपने साथ पेंसिल, रबर, व्हाइटनर, घड़ी, हाथ में पहनने वाले बैंड, बेल्ट, धूप में पहनने वाले चश्मा तथा बालों को बांधने वाले क्लचर का भी उपयोग नहीं कर सकेंगे। लोक सेवा आयोग द्वारा प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हों। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल, फोन, पेजर, डिजिटल डायरी, कैलकुलेटर, घड़ी, कम्पास, ग्राफ पेपर, स्केल तथा किसी भी प्रकार का पेपर नहीं ले जा सकेंगे। परीक्षा केन्द्र के बाहर मोबाइल फोन जमा करने की व्यवस्था की गई है।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग शिविर का आयोजन 25 जून को

## जनपद पंचायत सिरमौर कार्यालय के पास सामुदायिक भवन में आयोजित होगा शिविर



**रीवा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच 25 जून को सिरमौर में बच्चों के अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में चिन्हित बच्चों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से सिरमौर तथा जवा विकासखण्डों के बच्चे शामिल होंगे। इनका पंजीयन सुबह 9 बजे से सामुदायिक भवन में शुरू हो जाएगा। शिविर की कार्यवाही सुबह 10 बजे से आरंभ होगी। शिविर में बच्चों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने तथा अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने की व्यवस्था की गई है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल बोर्ड की टीम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी तथा दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। छात्रवृत्ति वितरण, खाद्यान्न वितरण, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा यौन दुर्व्यवहार के प्रकरणों की सुनवाई भी की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार द्वारा सीपीसीआर अधिनियम 2007 के तहत गठित संवैधानिक निकाय है। आयोग का मुख्य उद्देश्य बच्चों को संविधान के विभिन्न प्रावधानों के तहत दिए गए अधिकारों का लाभ देने के लिए प्रत्येक बच्चे को सक्षम बनाना है। आयोग की बेंच सुनवाई के दौरान बच्चे, उसके माता-पिता, संरक्षक अथवा बच्चे की देखभाल करने वाले द्वारा प्रस्तुत शिकायतों की सुनवाई करेगी। शिविर में बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास, एसिड हमले के पीड़ितों, निराश्रित बच्चों, शारीरिक दुर्व्यवहार और शोषण से पीड़ित बच्चों तथा घरेलू हिंसा के शिकार बच्चों के प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में पुलिस द्वारा बच्चों के दुर्व्यवहार, अवैध दत्तक ग्रहण, बच्चों के खिलाफ हिंसा, बच्चे की तस्करी, सड़कों पर बेसहारा तथा भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों, दिव्यांगता से पीड़ित बच्चों की शिकायतों पर भी सुनवाई की जाएगी। बच्चों के कल्याण से जुड़ी योजनाएं तथा कार्यक्रम संचालित करने वाले सभी विभाग शिविर में उपस्थित रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार का वैधानिक निकाय है जिसे सीपीसीआर अधिनियम 2007 के तहत गठित किया गया है। आयोग का मुख्य उद्देश्य देश के समस्त बालकों को उनके अधिकारों को सुरक्षित करने में सक्षम बनाना है। आयोग की टीम बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन और वंचन से संबंधित मामलों के विरूद्ध जनमानस से शिकायतें लेगी। बालक, माता-पिता, अभिभावक, देखभाल करने वाले या बाल अधिकारों के लिये काम करने वालों के लिये किसी भी अन्य व्यक्ति सहित कोई भी व्यक्ति एनसीपीसीआर की बेंच/कैम्प के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। स्ट्रीट चिल्ड्रन, स्कूल, चाईल्ड केयर संस्था, चिल्ड्रन होम, हॉस्टल या कोई अन्य स्थान जहां बच्चें शिक्षा/प्रशिक्षण लेते हैं या निवास करते हैं आदि सहित सभी वर्गों के बच्चे बेंच के समक्ष अपनी शिकायत/अभ्यावेदन कर सकते हैं। शिविर आयोजन के संबंध में ग्राम स्तरीय समिति द्वारा सरपंच, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है साथ ही ग्राम के कमजोर परिवार के बच्चों एवं बच्चों की शिकायतों का चिन्हांकन भी किया जा रहा है।

# लघु वेतन कर्मचारियों ने नीलम पार्क भोपाल में भरी हुंकार



**रीवा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवम् जिला अध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि संघ के प्रांतीय निकाय के आह्वान पर नीलम पार्क भोपाल में आयोजित संख नाद आंदोलन में प्रदेश के सभी जिलों से हजारों की संख्या में शामिल कर्मचारियों ने सरकार के कर्मचारी विरोधी रुख पर असंतोष व्यक्त किया है। कर्मचारी नेताओं ने मुख्य मंत्री को 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र वार्ता के लिए आमंत्रित करने की अपील की है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगो में भृत्य का पदनाम कार्यालय सहायक करना, ग्रेड पे 1300 के स्थान पर 1800 करना, महंगाई भत्ते में वृद्धि, पुरानी पेंशन बहाली, केंद्र के समान गृह भाड़ा परिवहन भत्ता एवम् धुलाई भत्ता स्वीकृत करना, वर्दी का बजट आवंटित कर नकद भुगतान करना, कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित एवम् 300 दिवस का अवकाश नकदीकरण करना,नवीन नियुक्ति में 70,80,90 प्रतिशत स्टायफंड योजना को समाप्त करना,सेवा निवृत्त आयु 62 को 65 वर्ष करना, पदोन्नति हेतु नया नियम लागू करना,स्थाई कर्मी और दैनिक वेतन भोगी भोगी को नियमित करते हुए 7 वे वेतनमान का लाभ और अनुकम्पा नियुक्ति देना,अंशकालीन कर्मचारी को कलेक्टर दर घोषित करना,आशा ऊषा कार्यकर्ता को नियमित वेतनमान देना, और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/ सहायिका कोटवार रसोइया को नियमित करना शामिल है। प्रांताध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि शासन स्तर से मांगो का निराकरण नही होने पर संपूर्ण प्रदेश में लघु वेतन कर्मचारी आंदोलन करेंगे। सभा स्थल पर महेन्द्र शर्मा,निहाल सिंह जाट, चूरामन रैकवार, सुधीर भार्गव, नेपाल सिंह, मनोरंजन यादव,छोटेलाल गुप्ता, आशा बंसल, दीपक साकेत, अमित त्रिपाठी,प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्यगण, प्रदेश के सभी संभागों एवम् जिलों के अध्यक्ष सहित हजारों को संख्या में कर्मचारियों का सैलाब उपस्थित रहा। आंदोलन के पश्चात कर्मचारियों का जत्था रीवा वापस पहुंचा। उप प्रांताध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को आभार व्यक्त किया है।

### जमुना कोतमा क्षेत्र में असुरक्षित कार्य के लिए कर्मचारियों पर दबाव

**जमुना।** कोतमा क्षेत्र में प्रबंधन तंत्र द्वारा कर्मचारियों को असुरक्षित तरीके से कार्य करने के लिए अनैतिक दबाव डालने का मामला सामने आया है। क्षेत्रीय सचिव एसकेएमएस एटक लालमन सिंह द्वारा महाप्रबंधक हरजीत सिंह मदान को लिखे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि दबाव के कारण क्षेत्र में आये दिन अप्रत्याशित दुर्घटनाएँ हो रही हैं। डी.जी.एम.एस. के दिशा-निर्देशों और भारत सरकार द्वारा बनाये गए खदान संबंधी नियमों की अनदेखी करते हुए प्रबंधन कर्मचारियों को जबरन असुरक्षित कार्य करने के लिए विवश कर रही है। हाल ही में 19 जून को भालूमाडा के विद्युत सब स्टेशन में एक



कर्मचारी असुरक्षित कार्य के कारण बुरी तरह से विद्युत करंट से झुलस गया इसके पहले भी कई बड़े हादसे हो चुके हैं जिनमें कर्मचारियों ने अपनी जान गंवाई है लेकिन प्रबंधन इससे कोई सबक नहीं ले रहा है। लालमन सिंह के पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि जमुना कोतमा क्षेत्र की प्रबंधन ने नियम-कानूनों की धज्जियाँ उड़ाने में महारथ हासिल कर ली है चाहे वह न्यायालय का आदेश हो डी.जी.एम.एस. का दिशा-निर्देश हो या खदान में कार्य करने हेतु भारत सरकार द्वारा बनाये गए माइंस एक्ट हो सभी की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। रिट अपील क्रमांक 1115 में 21 मई 2024 को माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा दिए गए आदेश की भी खुलेआम अवहेलना की जा रही है। पत्र में दुर्घटना में घायल कर्मचारी और घटना के प्रत्यक्षदर्शी कर्मचारियों को बिना डराये धमकाये निष्पक्ष जाँच करवाने और दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की गई है। जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके यह भी आरोप है कि प्रबंधन द्वारा घटना के बाद कर्मचारियों को डरा धमकाकर अपने पक्ष में बयान दिलवाकर वास्तविकता पर पर्दा डाला जाता है। उदाहरणस्वरूप बरतराई खदान के लैम्प रूम में एक महिला कर्मचारी की अप्रत्याशित दुर्घटना में मृत्यु के बाद भी प्रबंधन ने कर्मचारियों को डरा धमकाकर अपने पक्ष में बयान दर्ज करवाया और लैम्प रूम इंचार्ज अनिल कुमार अग्रवाल को बलि का बकरा बनाया वह आज भी न्यायालय का चक्कर काट रहा है जबकि दोषी अधिकारी आराम से घूम रहे हैं। श्री सिंह ने यह अनुरोध किया गया है कि भालूमाड़ा विद्युत सब स्टेशन में हुई दुर्घटना की निष्पक्ष जाँच करवाई जाए और दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए जिससे क्षेत्र में हो रही अप्रत्याशित दुर्घटनाओं पर विराम लग सके।

**पल्स पोलियो अभियान में पाँच साल तक के हर बच्चे को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी**

# पल्स पोलियो अभियान का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आज रीवा में

## जिले में पल्स पोलियो अभियान में 390140 बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

**रीवा।** जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 23 जून से 25 जून तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पांच साल तक के 390140 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। अभियान का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम रीवा में आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से मेडिकल कालेज आडिटोरियम में प्रारंभ होगा।

हमारे जिले और देश से पोलियो का उन्मूलन हो चुका है, लेकिन देश के दो पड़ोसी देशों पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में पिछले साल तक पोलियो के केस मिले हैं। इससे हमारे देश के बच्चों को भी पोलियो का खतरा बना हुआ है। बच्चों की सुरक्षा के लिए 23 जून को पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसमें पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस महाअभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत मण्डल तथा अन्य विभागों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।

प्रथम दिवस पोलियो बूथ में अधिकतम बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। किसी कारणवश बूथ न पहुंचने वाले बच्चों को घर-घर जाकर 24 तथा 25 जून को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। पोलियो की दवा पिलाने के दूसरे दिन यदि बच्चा अनुपस्थित मिलता है तो उसकी सूची तैयार कर एक सप्ताह के अंदर उसे दवा पिलाकर ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान 390140 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो की दवा पिलाने के लिए जिले भर में 2490 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इनमें दवा पिलाने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात रहेंगे। पोलियो बूथ आंगनवाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन तथा स्कूलों में बनाए गए हैं। पोलियो की दवा पिलाने के लिए 48 ट्रांजिट टीमें तथा 23 मोबाइल दल भी तैनात किए गए हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, बड़े हॉट बाजारों, बड़े निर्माण स्थलों पर भी पोलियो की दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है।

# परीक्षा में हुई भारी धांधली के खिलाफ कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन

**शहडोल।** जिला कॉंग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नीट-यूजी 2024 परीक्षा मे हुई धांधली के खिलाफ जिला मुख्यालय शहडोल के अंबेडकर चौक पर धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन कर रहे कॉंग्रेसियों ने जानकारी देते हुए बताया कि,नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 4 जून 2024 को नीट-यूजी 2024 का परिणाम जारी किया। कुछ उम्मीदवारों के बढ़े हुए अंक के बाद अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोप से परिणाम प्रभावित हुए है। बिहार, गुजरात और हरियाणा में की गई गिरफ्तारियों से भ्रष्टाचार स्पष्ट रूप से उजागर हुआ है। भाजपा शासित राज्यों में कदाचार के पैटर्न को उजागर करता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी इन आरोपों की गंभीरता को उजागर किया है। कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून लागू करके युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का वादा किया था। नीट परीक्षा में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार और अनियमितताओं एवं एनडीए सरकार की हताशा, निष्क्रियता और चुप्पी बताती है कि, नीट- 2024 परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली की गई है, जिसमें हजारों की संख्या में छात्रों का भविष्य अंधकार मय हो गया है। छात्रों को न्याय दिलाने एवं छात्र हित के लिए कॉंग्रेस द्वारा यह धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है, अगर सरकार इसकी जांच करा कर, छात्र हित में उचित निर्णय नही लेती है तो , कॉंग्रेस उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होगी। धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंह, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राम नरेश तिवारी, वरिष्ठ कॉंग्रेसी अशोक बजाज, पार्षद हीरालाल प्रजापति, पूर्व पार्षद नईम खान, प्रवक्ता खिरोधर सोंधिया,आशीष द्विवेदी,दलप्रताप सिंह, प्रकाश भारती,मुन्नू तिवारी, शोभराज नागपाल, अकरम खान, मुन्ना दुबे, वीरू विश्वकर्मा, सिद्धू कोल,सोने लाल परवा,प्रदीप बर्मन, भइय्या लाल, राज कुमारी सिंह, हर्ष गौतम, आदित्य,महेंद्र, आयुष, साहिल, सुमित, दीपक आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



### पात्रता श्रेणी रखने वाले गरीबों का नहीं जुड़ता गरीबी रेखा में नाम

**कोतमा।** कोतमा नगर पालिका क्षेत्र में वास्तविक गरीबों गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने के लिए दर-दर भटकता है, इधर-उधर की ठोकर खाता है उसके बावजूद भी उसका नाम गरीबी रेखा में नहीं जुड़ पा रहा है। लेकिन जो लोग गरीबी रेखा पात्रता से बाहर है वह लोग किसी तरह जुगाड़ से गरीबी रेखा सूची में नाम जुड़वाने में सफल हो जाते हैं और शासन की जनकल्याणकारी योजना का लाभ ले रहे हैं चाहे भले ही उनके पास पक्का मकान हो लेकिन जो वास्तविक गरीब है वह परेशान है। नगर पालिका क्षेत्र केवार्ड नंबर 10 में रहने वाली बेवा सुखबरिया बाई एक साल से गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने के लिए कई बार आवेदन की लेकिन बिना सर्वे किए उसे अपात्र कर दीया जता है। सुखबरियां बाई मजदूरी कर जीवन यापन करती है खुद का घर नही है पति के मृत्यू के बाद ससुराल से निकाले जाने के बाद भाई के यहां रहकर मजदूरी कर अपना वा अपने बेटियो का भरण पोषण करती है। ठीक इसी तरह शिवपूजन केवट 6 माह से गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने को लेकर परेशान है। सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है उसे यह बताकर अपात्र कर दीया गया की 6 हजार रुपए पति पत्नी एवं पढ़ रहे बच्चे 6 हजार रूपए कमाते है। उनकी वास्तविक स्थिति बिना देखे अपात्र कर दिया गया। वहीं एक ओर धनवान लोगो का नाम जोड़ा गया है। जिनको गरीब बनाया गया है न ओ लोग मजदूरी करते हैं अच्छी खासी इनकम है कोई कमी नहीं है फोर व्हीलर वाहन उनके नाम है बाइक है, 15 हजार के ऊपर का मोबाइल इस्तेमाल करते है बच्चे निजी विद्यालयों में पढ़ते हैं फिर भी उनको गरीब बनाया गाया है। मोटी रकम लेकर प्रशासन को कुछ लोग जो वास्तविक गरीब है बाजार से 40 रुपए किलो चावल खरीद के खा रहे हैं वहीं दूसरे बड़े धनवान लोग राशन लेकर बाजार में दुकान दारो को 25 से 30 रुपए में बेच दे रहे है। जिससे वास्तविक गरीब 35 से 40 रुपए किलो अनाज खरीद कर खाता है एक ओर मध्यप्रदेश की मोहन सरकार गरीबों के लिए नित नए योजनाओं का अंबार लगा रही है कि गरीबों का उद्धार हो और कुछ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा योजनाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।